हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025

11 कंपनी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य : पुलिस कमिश्नर



12 सांखोल की सौम्या ने स्टेट गेम्स में जीते दो मेडल



## खबर संक्षेप

### केएमपी पर खड़े ट्रक से टकराया कैंटर

**बहादुरगढ़।** बादली के निकट केएमपी पर एक ट्रक व कंटेनर की टक्कर हो गई। हादसे में कंटेनर में सवार हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नूंह के निवासी मुजिम का कहना है कि वह कंटेनर गाड़ी में माल भरकर भोपाल से लुधियाना जा रहा था। गाड़ी में हेल्पर के तौर पर हमारे ही गांव का नफीस भी सवार था। जब रात करीब साढ़े दस बजे बादली के निकट केएमपी पर पहुंचे तो मैं गाड़ी ओवर टेक करने लगा। इसी दौरान सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा हुआ था। उसके इंडिकेटर चालू नहीं थे। वह नजर नहीं आया और साइड से हमारी गाड़ी उससे टकरा गई। इस हादसे में नफीस को गंभीर चोट आई।

### एक्सीडेंट में चोट लगी और बाइक भी चोरी

**बहादुरगढ़।** गुरुग्राम के निवासी एक युवक को बादली इलाके में दोहरी मार पड़ गई। हादसे में उसे गंभीर चोट लगी और बाइक भी चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। गुरुग्राम के इकबाल पुर की निवासी सरोज देवी का कहना है कि उसका बेटा सचिन मुबारकपुर स्थित अपनी बहन से मिलने के बाद वापस घर लौट रहा था। बादली इलाके में जब केएमपी अंडरपास के निकट पहुंचा तो किसी गाड़ी की चपेट में आ गया। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी बाइक वहीं रह गई थी। बाद में जाकर देखा तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, बादली थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### सड़क किनारे खड़ी स्कूटी ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में सोलधा रोड से स्कूटी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। लोवा खुर्द के निवासी बिजेंद्र का कहना है कि हाल ही में उसने नई स्कूटी खरीदी थी। उसके नंबर भी नहीं आए थे। वह सोलधा रोड स्थित खेतों की ओर अपनी स्कूटी लेकर गया था। सड़क पर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद आया तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। इस शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिले भर में चलाया सर्च अभियान, लगाए 19 नाके

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर

जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों का भी रिकॉर्ड रखा जा रहा है ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है। जिसके चलते पुलिस द्वारा शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर में सर्च अभियान चलाया। जिले में करीब 19 पुलिस नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की जा रही है। पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी संदिग्ध वाहन, व्यक्ति या वस्तु को बिना जांच के आगे न जाने दिया जाए। जांच पूरी होने के बाद ही वाहनों को राजधानी दिल्ली या अन्य जिलों की ओर जाने की अनुमति दी जा रही है। इसके अलावा जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों का भी रिकॉर्ड रखा जा रहा है ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी पुलिस की विशेष निगरानी टीम सक्रिय कर दी गई है। यह टीम लगातार अफवाह फैलाने वालों, संदिग्ध पोस्टों और किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों पर नजर रख रही है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे पुलिस की मदद करें और सतर्क रहें।





झज्जर। बस स्टैंड परिसर में चेकिंग करते हुए डॉग स्क्वाट टीम व बस स्टैंड परिसर में बैग की चेकिंग करते हुए पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### आम जनता की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी है, लेकिन पुलिस का सहयोग करना हर नागरिक का फर्ज और दायित्व भी है। उन्होंने यह कहा कि लोग अपने किराएदारों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने बताया कि एसीपी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में डॉग्स स्क्वाट के साथ शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, लघु सचिवालय परिसर, नागरिक अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस ने बसों और सार्वजनिक वाहनों में यात्रियों के सामान और बैग की जांच की। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी और यह संदेश दिया कि यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के बारे में जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने में सूचना दें।

### नाकों पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस

**बहादुरगढ़।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट के बाद हरियाणा पुलिस भी अलर्ट पर है। सोमवार की रात से ही नाकों पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। मंगलवार की दोपहर को भी टीकरी बॉर्डर के निकट एमआईई व दिल्ली से लगती अन्य सीमाओं पर पुलिस चौकस रही। एमआईई में चौकी प्रभारी मोनिका की अगुवाई में पुलिस कर्मी मोर्चा संभाले हुए थे तो वहीं सेक्टर 9 मोड़ पर ट्रैफिक थाना प्रभारी महेश कुमार की उपस्थिति में पुलिस कर्मी वाहनों की जांच कर रहे थे।

दिल्ली की ओर से आने वाले प्रत्येक वाहनों की डिक्की, खिड़की आदि खोलकर जांच की गई। संदिग्ध नजर आने वाले लोगों से पूछताछ कर उनकी डिटेल जुटाई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बॉर्डरों के पास नाके पहले से ही लगे हुए हैं। यहां नियमित वाहनों की जांच की जाती है। अब जांच और बढ़ा दी गई है। जांच के साथ-साथ, गाड़ियों में मौजूद लोगों की भी जानकारी एकत्र की जा रही है। वहीं, शहर के सार्वजनिक स्थानों व भीड़भाड़ वाले बाजारों में भी पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की है कि अपने अपने किरायेदारों की वेरिफिकेशन जरूर कराएं।





बहादुरगढ़। टीकरी बॉर्डर पर एमआईई में जांच अभियान चलाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। बाढ़सा में एक निर्माण को गिराती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# बाढ़सा की अवैध कॉलोनी में चलाया बुल्डोजर

कार्रवाई के तहत सात डीपीसी वॉल व एक भवन ध्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से मंगलवार को गांव बाढ़सा में स्थित एक अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत सात डीपीसी वॉल व एक भवन ध्वस्त किया गया।

दरअसल, इस संबंध में विभाग को शिकायत मिली थी। जिसके बाद कार्रवाई की योजना बनाई गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अरविंद कुमार की मौजूदगी में दो एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी में यह तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान एटीपी सतीश कुमार व बादली के एसएचओ व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह का विरोध नहीं हो सका। अधिकारियों का कहना है कि अवैध प्लॉटिंग या कॉलोनी बर्दाश्त नहीं होगी।

आगे भी इस दिशा में कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि बहादुरगढ़, बादली इलाके में धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैं। डीटीपी द्वारा तोड़फोड़ करने और केस दर्ज कराने के बाद भी यह सिलसिला नहीं थम रहा।

# टेंडर कैंसिल होने पर ठेकेदारों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

टेंडर कैंसिल हो जाने के बाद ठेकेदारों ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी है। मंगलवार को ठेकेदारों ने नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने नगर परिषद के वाइस चेयरमैन व एक्सइएन को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

ठेकेदारों का कहना है कि अधिकारियों ने करीब सवा दो करोड़ राशि के 51 टेंडर निकाले थे, जिन्हें अलग-अलग एजेंसियों को अलॉट किया गया। टेंडर अलॉट होने के बाद ठेकेदारों ने नियमानुसार एलओए फीस भी जमा कराई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए गए। ठेकेदारों के इंतजार के बीच सोमवार को बिना किसी सूचना के सभी टेंडर रद्द कर दिए गए। राजू, कृष्ण व अन्य ठेकेदारों ने कहा कि इससे पहले भी डी-प्लान के टेंडर भी इसी तरह कैंसिल किए जा चुके हैं। उनका आरोप है कि अधिकारी अपनी मनमर्जी से काम कराते हैं और अपने चहेते ठेकेदारों को ही ठेके दिलाते हैं, जबकि बहादुरगढ़ के स्थानीय ठेकेदार बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। मिलीभगत बताते हुए सरकार तथा उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।



बहादुरगढ़। नगर परिषद में एमई को ज्ञापन सौंपते ठेकेदार। फोटो : हरिभूमि

# अखंडता का संकल्प लेकर बुपनिया से मांडोठी तक निकली यात्रा

- यूनिटी यात्रा के दौरान एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बुपनिया से लेकर मांडोठी तक यूनिटी पदयात्रा निकालते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को बादली हलके के गांव बुपनिया से शुरु हुई यूनिटी पदयात्रा बेरी हलके के गांव डाबौदा खुर्द से होते हुए बहादुरगढ़ हलके के गांव मांडोठी में संपन्न हुई। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीतों, नुक्कड़ नाटकों और संदेशवाहक झांकियों के माध्यम से एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संदेश दिया। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश की 562 रियासतों को सूत्र में पिरोते हुए श्रेष्ठ भारत की नींव रखी थी। भारत की विविधता में एकात्मकता सरदार पटेल की देन है। अगर सरदार पटेल न होते, तो आज भारत का नक्शा ऐसा नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इससे नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण और एकता का संदेश मिलेगा। धनखड़ ने बताया कि मोदी ने गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना में पूरे देश से लोहा व मिट्टी एकत्रित करने के ऐतिहासिक कार्य की जिम्मेदारी उन्हें दी थी। मांडोठी के सीताराम मंदिर में पहुंची यात्रा में शामिल युवा, विद्यार्थी, महिलाएं व खिलाड़ी तिरंगे हाथों में लिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारे लगा रहे थे।

### ये रहे मौजूद

यात्रा में दलाल 84 के प्रधान भूप सिंह दलाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता संजय कबलाना, दिनेश कौशिक, जिला परिषद चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, चेयरपर्सन सरोज राठी, राजपाल जांगड़ा, सोमवती जाखड़, आनंद सागर, जिला परिषद के सीईओ मनीष फोगाट, एसडीएम नसीब कुमार, एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, डीआईपीआरओ सतीश कुमार, बृजेश कौशिक, बीडीपीओ सुमित बेनीवाल व बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रदूषण स्तर बढ़ने पर जिले में ग्रेप-थ्री की पाबंदियां लागू

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेप-थ्री के तीसरे चरण को जिले में लागू कर दिया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एचएसआईआईडीसी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिला में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं।







बहादुरगढ़। पत्रकारों से बात करते प्रदीप यादव, निशित कटारिया व सत्यवान गहलोत।

# हर हलके का डाटा जुटाकर चुनाव आयोग में शिकायत करेगी युकां

वोट चोरी के मुद्दे पर युवा कांग्रेस सभी जिला मुख्यालयों पर करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

युवा कांग्रेस हरियाणा की प्रत्येक विधानसभा में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चलाएगी। हर विधानसभा क्षेत्र से फर्जी वोटरों का डाटा एकत्र कर चुनाव आयोग को शिकायत दी जाएगी। युवा कांग्रेस जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भी सौंपेगी और फर्जी वोटों को काटने की मांग करेगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया के अनुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 25 लाख वोट चोरी के आरोप पूरी तरह सही हैं। एक ब्राजीलियन मॉडल के चित्र के साथ 22 वोट बनी हुई हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की वोटों की अपने स्तर पर जाच करेंगे और बीएलओ से उन्हें काटने के लिए आगामी कार्रवाई भी करेंगे। बूथ लेवल एजेंट फर्जी और डुप्लीकेट वोटों की पहचान कर विधानसभावार रिपोर्ट तैयार करेंगे। यह केवल राजनीतिक नहीं बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का मुद्दा है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यवान गहलोत ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। युवा कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कांग्रेस समर्थकों की वोटें कटवाईं। जहां भी भाजपा को कड़ा मुकाबला दिखा, वहां वोटर लिस्ट में हेराफेरी की गई। इस मौके पर युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव प्रियंका, प्रदेश उपाध्यक्ष चितवन गोदारा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, युवा कांग्रेस जिला सचिव नरेश ठाकुर, हलका अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा, शहरी अध्यक्ष पंकज फोगाट व वरुण राठी आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने धान खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने स्थानीय अनाज मंडी का दौरा कर पीआर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित खरीद एजेंसी खरीद के साथ ही धान उपज का त्वरित उठान सुनिश्चित करें ताकि मंडी में किसानों को पीआर धान उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे धान के खरीद कार्य के लिए आने वाले किसानों को आवश्यक सुविधा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गेट पास कटने उपरांत नियामानुसार तुरंत खरीद की जाए।



बेरी। अनाज मंडी में धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

# हवा बेहद खराब होने के बाद ग्रेप-3 की बंदिशें लागू

**बहादुरगढ़।** राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में हवा की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। बहादुरगढ़ में भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच चुकी है। हालांकि शहर की एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग मशीन कई दिनों से खराब पड़ी है, जिससे वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि कई वेबसाइटों और स्वतंत्र पर्यावरण प्लेटफॉर्म्स के अनुसार शहर में एक्यूआई 400 से अधिक बना हुआ है। बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तीसरे चरण के प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी कर दिए हैं। तीसरे चरण के तहत निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों पर रोक रहेगी। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटर का उपयोग नहीं हो सकेगा। खुले में कचरा जलाने, धूल फैलाने वाले कार्यों और सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने पर प्रतिबंध रहेगा। एनसीआर में पुराने वाहनों की सघन जांच के साथ बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों पर पाबंदी लगाने की तैयारी है। कक्षा 5 तक की फिजिकल क्लास रोककर कक्षाओं को ऑनलाइन मोड में चलाया जा सकता है। प्रदूषण के चलते शहरवासियों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। राकेश वत्स, मनोज कुमार, तरुण जैन व राहुल छिकारा का कहना है कि प्रशासन को मापन यंत्रों को तत्काल दुरुस्त कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए ताकि लोग सतर्क रह सकें।

दिल्ली-एनसीआर की भांति बहादुरगढ़ में भी चिंताजनक बनी हुई है स्थिति

## नए सॉफ्टवेयर से लोगों को आ रही मुश्किलें, हस्ताक्षर करने में परेशानी, अंगूठा लगाने का ऑप्शन ही नहीं

# लोगों के लिए असुविधाओं से लेस है पेपरलेस रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेशभर में बीते एक नवंबर से शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। नए सिस्टम में तकनीकी दिक्कतों और जटिल प्रक्रिया के कारण लोग पुराने तरीके को ही बेहतर बता रहे हैं। लघु सचिवालय के सरल केंद्र में भी रजिस्ट्री का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। एडवोकेट सागर ने बताया कि पहले जहां प्रतिदिन 40 से 50 रजिस्ट्रियां हो जाती थीं, वहीं अब दिनभर में मुश्किल से 10 से 15 पेपरलेस रजिस्ट्री पूरी हो पा रही हैं।

इसके अलावा पोर्टल में दिए गए पुराने स्टाम्प यूज करने के ऑपशन के कारण कई बार पेमेंट नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि हालांकि आगामी पन्द्रह नवंबर तक पुराने स्टाम्प प्रयोग किए जाएंगे इसके बाद यह ऑपशन बंद हो जाएगा, लेकिन तब उन्हें नई पेमेंट किस हेड में करनी है यह समझ नहीं आ रहा। एडवोकेट दीपक ने बताया कि नई प्रणाली में हर भूमि मालिक को अलग-अलग टोकन कटवाना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी जमीन के चार मालिक हैं तो चार अलग-अलग टोकन काटने पड़ रहे हैं, जिसकी फीस 503 रुपये प्रति टोकन तय की गई है। पहले एक ही टोकन में सभी की रजिस्ट्री एक साथ हो जाती थीं। इससे अब रजिस्ट्री खर्च बढ़ गया है।

जानकारों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के नाम में बिंदु या अक्षर का भी फर्क है, तो सिस्टम उसे अलग मानता है और नया टोकन मांगता है। इससे किसानों और संपत्ति विक्रेताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा पेपरलेस रजिस्ट्री के बाद इंतकाल दर्ज कराने में भी कठिनाई हो रही है। कई आवेदन तकनीकी खामियों के कारण रद्द हो जाते हैं और सुधार का विकल्प न होने से उपभोक्ताओं को दोबारा फीस भरनी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली में सुधार किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



झज्जर। सरल केंद्र पर पेपरलेस रजिस्ट्री कराते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### अनपढ़ के लिए रजिस्ट्री कराने का नहीं कोई ऑप्शन

नई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली में जहां डिजिटल पेड पर डिजिटल पेन से हस्ताक्षर करने में लोगों को परेशानी आ रही है वहीं इसमें अंगूठा छाप यानी अनपढ़ व्यक्ति के लिए कोई ऑप्शन नहीं है। डिजिटल पेड में केवल हस्ताक्षर होते हैं यदि किसी को अंगूठा लगाना हो तो वह ऑप्शन न होने से अनपढ़ व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री नहीं हो पा रही।

### रियल टाइम प्रोग्रेस डिस्पले बंद

सरल केंद्र में लोगों को कार्य की प्रगति का पता चलता रहे इसके लिए प्रत्येक काउंटर पर रियल टाइम प्रोग्रेस डिस्प्ले की व्यवस्था भी है। ऐसे में उपभोक्ताओं के फ्रंट एलईडी तकनीकी कारणों के चलते बंद है। ऐसे में डिजिटल पेड पर हस्ताक्षर करते समय कुछ दिखाई नहीं देने से अंदाजा नहीं लग पाता जिस कारण लोगों को हस्ताक्षर करने में भी परेशानी आ रही है।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style


# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।




इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।




### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### देह व्यापार मामले में दो और गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला के चौक के पास स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करने के बाद इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्पा सेंटर के मैनेजर अमर सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में धारूहेड़ा निवासी कपिल और राजस्थान के झांमर निवासी सुरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क हादसे का आरोपी किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। सदर थाना पुलिस ने 27 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार एक चालक को गिरफ्तार किया है। कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में भूरथला निवासी अनुराग को गिरफ्तार कर लिया।

*कार्य परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगाए जाएं*

# कंपनी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य : पुलिस कमिश्नर

**प्रत्येक औद्योगिक इकाई के मुख्य द्वार पर मजबूत चेक-पोस्ट बनाई जाए तथा वहां आने-जाने वालों की सघन जांच की जानी चाहिए**



बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने उद्यमियों एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उद्यमियों अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों का पूर्ण पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान समय रहते की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक औद्योगिक इकाई के मुख्य द्वार पर मजबूत चेक-पोस्ट बनाई जाए तथा वहां आने-जाने वालों की सघन जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कैमरे सक्रिय स्थिति में हों तथा कम से कम पंद्रह दिनों का बैकअप अवश्य रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि थाना एवं चौकी स्तर पर निरंतर समन्वय बनाए रखें ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान सुचारू रूप से हो सके।

**परिसर में ड्रोन उड़ाने से पूर्व प्रशासन को सूचित करना आवश्यक**

*परिसर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। परिसर में ड्रोन उड़ाने से पूर्व प्रशासन को सूचित करना आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वेयरहाउस के अंदर रखे उत्पादों की पहचान के लिए बारकोड स्कैनर का प्रयोग किया जाए और कर्मचारियों के सभी सरकारी पहचान पत्रों आधार, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की प्रतियां रिकॉर्ड में रखी जाएं। शिफ्ट परिवर्तन के दौरान अत्यधिक भीड़ से बचने के लिए शिफ्टों के बीच उचित अंतर रखा जाए। इस दौरान डीसीपी लोगेश कुमार, डीसीपी क्राइम अमित दहिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।*

# परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिए टिप्स



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देते डॉ. विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल द्वारा विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. अश्वनी कुमार द्वारा किया गया। मोखरा राजकीय महाविद्यालय से भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षा की तैयारी करने पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। डॉ. विनोद कुमार ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को रेलवे, हरियाणा सिविल सेवा तथा संघ लोक सेवा आयोग समेत अन्य सरकारी व प्राइवेट नौकारियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने इन परीक्षाओं के लिए आवश्यक संदर्भ पुस्तकों तथा अध्ययन रणनीतियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान देवेंद्र, डॉ. जयंत, गोविंद, डॉ. मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

*17 से 22 नवंबर तक चलेगा शल्य चिकित्सा अभियान*

# सरकार द्वारा स्वीकृत पैकेजों के अंतर्गत सभी सर्जरी केवल सरकारी अस्पतालों में ही की जाएंगी

- अभियान का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व निशुल्क सर्जरी सुविधाएं उपलब्ध कराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़/झज्जर

आयुष्मान भारत योजना के तहत आगामी 17 से 22 नवंबर जिले में विशेष शल्य चिकित्सा अभियान चलाया जाएगा।

इसके तहत सरकार द्वारा स्वीकृत पैकेजों के अंतर्गत सभी सर्जरी केवल सरकारी अस्पतालों में ही की जाएंगी।

अभियान की तैयारियों को लेकर नागरिक अस्पताल झज्जर व बहादुरगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक हुईं, जिनकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. जयमाला ने की। बैठक में प्रधान चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, आयुष्मान भारत झज्जर के जिला नोडल अधिकारी, अर्बन नोडल अधिकारी, जनरल सर्जन, ईएनटी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ सहित सभी विशेषज्ञ मौजूद रहे। डॉ. जयमाला ने बैठक में अधिकारियों और चिकित्सकों को अभियान से जुड़ी तैयारियों व दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।



बहादुरगढ़। स्वास्थ्य अधिकारियों, विशेषज्ञों की बैठक लेतीं सीएमओ डॉ. जयमाला। फोटो : हरिभूमि

**विशेषज्ञ डॉक्टरों को सर्जरी के लक्ष्य निर्धारित किए गए**

अभियान का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व निशुल्क सर्जरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अधिकतम मरीजों को लाभ मिले, इसके लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों को सर्जरी के लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान कूल्हा व घुटना प्रत्यारोपण, बच्चेदानी ऑपरेशन, मोतियाबिंद, हर्निया आदि प्रमुख सर्जरी नागरिक अस्पताल झज्जर तथा सिविल अस्पताल बहादुरगढ़ में की जाएंगी। अभियान की नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉ. सुनीता तंवर होंगी। नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ की पीएमओ डॉ. मंजू कादयान, झज्जर के एसएमओ डॉ. अजय सिंगला, उप अधीक्षक डॉ. यशपाल नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनू सहित अन्य बैठक में उपस्थित रहे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में नौकरियों की बढ़ेगी मांग

**डिजिटल वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में मंगलवार को कार्य का भविष्य : कल की नौकरियां व डिजिटल वाणिज्य और प्रौद्योगिकी विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट सेल व कॉमर्स विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस विस्तार व्याख्यान की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने की। कार्यक्रम में गवर्नमेंट कॉलेज सांपला के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर रोशन लाल ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए बताया कि दुनिया तेजी से बदल रही है और इसके साथ काम करने का तरीका भी बदल रहा है। आने वाले समय में नौकरियों के स्वरूप में बड़े बदलाव आएंगे, जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा। डिजिटल वाणिज्य और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में करियर बनाने के कई अवसर हैं। विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए। भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में नौकरियों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पहले जहां डिग्री और तकनीकी दक्षता सफलता की गारंटी मानी जाती थी वहीं अब सहानुभूति, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता को प्राथमिकता दी जा रही है।



झज्जर। विस्तार व्याख्यान में शामिल विद्यार्थी एवं वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**करियर में बढ़ सकते है आगे**

यह बदलाव इसलिए हो रहा है क्योंकि अब मशीनें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी कार्यों को अधिक कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन मानवों की सहानुभूति, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता अभी भी अद्वितीय है। विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं बल्कि सहानुभूति, रचनात्मक सोच, संचार कौशल और समस्या समाधान की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए। इससे वे भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और अपने करियर में आगे बढ़ सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक 70 प्रतिशत नौकरियों में सॉफ्ट स्किल्स की अहम भूमिका होगी। इस मौके पर प्लेसमेंट सेल इंचार्ज सुमित नरवाल, डॉ. सीमा, डॉ. रजनी, डॉ. संदीप, डॉ. सजनी, डॉ. अंजूबाला, डॉ. अनिल मौजूद रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जागरुक किया




झज्जर। राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमनपुरा में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण एवं संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- जिले के विभिन्न गांवों में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए चलाए जा रहे एक सौ दिवसीय अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिले के गांव धांधलान, तामसपुरा, रूढ़ियावास व कुकड़ौला में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए हर व्यक्ति को सजग होकर इसकी सूचना प्रशासन को देनी चाहिए। प्राचार्या सुनीता रानी ने कानून की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई, जबकि मुख्याध्यापक देवेंद्र ने लोगों से बाल विवाह की सूचना देने की अपील की। लीगल लिटरेसी कोर्डिनेटर विनीता ने कहा कि एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था बाल हित में सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मनोज कुमार, पूनम, संदीप सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# दीपचंद स्कूल के 144 विद्यार्थी ने किया वीवीएम लेवल टू के लिए क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी आगामी 19 नवंबर को लेवल टू की परीक्षा देंगे**

विद्यार्थी विज्ञान मंथन की लेवल वन की परीक्षा में दीपचंद पब्लिक स्कूल के 144 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई करते हुए लेवल टू में अपना स्थान बनाया है। अब सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी आगामी 19 नवंबर को लेवल टू की परीक्षा देंगे। स्कूल निदेशक जयविकास ने बताया कि उनके संस्थान की छठी कक्षा से 32, सातवीं से 33, आठवीं से 27, नौवीं कक्षा से 24, दसवीं से 27 व ग्यारहवीं से एक विद्यार्थी ने परीक्षा उत्तीर्ण की।



झज्जर। उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ स्कूल निदेशक जय विकास। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस का ऑपरेशन ट्रेक डाउन जारी, चार आरोपी और दबोचे**

रेवाड़ी। जिला पुलिस ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत फरार अपराधियों की धरपकड़ कर रही है। ऑपरेशन के तहत पुलिस की क्राइम ब्रांच रेवाड़ी, धारूहेड़ा, कोसली तथा थाना शहर की टीमों ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि सीआईए रेवाड़ी प्रभारी सुमेर सिंह ने टीम के साथ थाना शहर में दर्ज गत 23 अगस्त को मोहल्ला भजन का बाग निवासी एक युवक पर फायरिंग करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी नीरपाल उर्फ गुल्लू निवासी गुर्जर माजरी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व उनकी टीम ने मामले में चार आरोपी मोहल्ला कंपनी बाग निवासी दीपांशु उर्फ यशु, मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी हिमांशु उर्फ लाला,मोहल्ला खासापुरा निवासी सूजल तथा मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी इंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



झज्जर। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संस्थान पदाधिकारियों के साथ उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

*33 प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से अवगत करवाया गया*

# बाकरा गांव में चल रहा महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- कंप्यूटर अकाउंटिंग प्रशिक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा क्षेत्र के गांव बाकरा में संचालित एक माह की अवधि का महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान भागीदारी करने वाली 33 प्रशिक्षणार्थियों को महिला परिधानों की कटिंग, सिलाई, फिनिशिंग, डिजाइनिंग तथा मार्केटिंग के व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पीएनबी आरसेटी के निदेशक उमेश भूकर ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आरसेटी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला अपने हुनर के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त बने। उन्होंने संस्थान द्वारा शुरू किए जाने वाले कंप्यूटर अकाउंटिंग प्रशिक्षण बारे भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान से आशीष रोहिल्ला, सतपाल सिंह, आशीष , कुसुम, शशि कुमार उपस्थित रहे।

**जागरण में बनाई गई झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, सेल्फी व फोटोखिचवाते नजर आए लोग**

# मां भगवती जागरण में भजनों पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**रंगोली बनाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नव निर्माण युवा जाटव सेवा समिति द्वारा सोमवार को स्थानीय अंबेडकर चौक पर मां भगवती के बारहवें विशाल जागरण का आयोजन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने ज्योति प्रचंड करते हुए जागरण की शुरूआत की। इनके अलावा उपस्थित अतिथियों में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष बंसल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल, प्रीतम कुकड़ौला आदि ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए मां के दरबार में माथा टेका। मंच संचालन मनोज सोनी द्वारा किया गया। जागरण में श्रीराम दरबार, भगवान भोलेनाथ व महाबली हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

**माता का सजा भव्य दरबार**



**पंडाल में बनाई गई एक से बढ़कर एक झांकियां**

*आयोजक समिति सदस्यों द्वारा मां भगवती का भव्य दरबार सजाया गया। पंडाल में भी भव्य लाइटिंग व अनेक धार्मिक झांकियां और रंगोली बनाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया गया। जागरण के प्रवेश स्थल पर जहां पहाड़ों पर बैठे भोलेनाथ व बर्फ से निर्मित गुफा बनाई वहीं अंदर पहुंचने पर बर्फ से निर्मित शिवलिंग की लोगों द्वारा पूजा की गई। इसके उपरांत भगवान श्रीगणेश की आकर्षक रंगोली, मां ज्वाला देवी के दरबार में जलती अंखड ज्योति, बाबा खाटू श्याम दरबार ने श्रद्धालुओं का खूब ध्यान खींचा। लोग हर झांकी के आगे सेल्फी लेते हुए फोटो खिंचवाते नजर आए।*

**आरनिस चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार**



झज्जर। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मुकाबला कराते हुए प्रशिक्षक।

*झज्जर। 7वीं हरियाणा राज्य आरनिस चैंपियनशिप में जिले के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। आरनिस स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा चरखी दादरी में आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों की दर्जनों टीमों ने भाग लिया। आरनिस स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव रमेश खन्ना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आरनिस खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और आत्मरक्षा कौशल के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।*

## खबर संक्षेप

### साल्हावास में मेगा लीगल सर्विस कैंप आज



झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को क्षेत्र के गांव साल्हावास में मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला आयुष विभाग, आयुष्मान भारत कार्ड टीम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डीआईओ आफिस के आधार एवं सरल केंद्र से संबंधित अधिकारी, रेवेन्यु विभाग, आईटीआई, पंचायत विभाग, अक्षय ऊर्जा, पशुपालन, मत्स्यपालन, बाल कल्याण कार्यालय, बाल संरक्षण कार्यालय, रेडक्रॉस, खाद्य आपूर्ति विभग के राशन कार्ड संबंधी अधिकारी, बिजली विभाग, वन स्टॉप सेंटर, शिक्षा विभाग, बीएसएनएल, जन स्वस्थ एवं अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सिंचाई विभाग बागवानी विभाग, बिजली निगम, बैंक, लेबर डिपार्टमेंट, रोजगार कार्यालय, हरियाणा रोडवेज विभाग, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था आदि के सदस्य आमजन की समस्याओं का मौके पर निदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों की सुविधा एक छत्त के नीचे प्रदान करते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करना है।

### पीएनबी पेंशनर्स एसो. की केंद्रीय बैठक संपन्न

रोहतक। अखिल भारतीय पीएनबी पेंशनर्स एवं रिटायरिज एसोसिएशन की केंद्रीय त्रैवार्षिक आम परिषद बैठक 8 व 9 नवम्बर को सहारनपुर में हुई। बैठक में संगठन के मुद्दों, मांगों पर चर्चा के साथ आगामी कार्यकाल 2025–2028 के चुनाव सम्पन्न हुए। हरियाणा के एम.एल. अरोड़ा को वरिष्ठ संयुक्त महासचिव, एस.एस. डागर को संगठन सचिव और ओ.पी. अरोड़ा को सहायक महासचिव चुना गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनसीसीपीए के महासचिव ने दीप प्रज्वलन कर किया, जबकि पीएनबी के कार्यकारी निदेशक डी. सुरेन्द्रन मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि बैंक का कारोबार 28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और सेवानिवृत्त कर्मचारी बैंक के सच्चे राजदूत हैं। अरोड़ा ने पेंशन अद्यतन, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, कल्याण कोष में हिस्सेदारी और डीए विसंगति दूर करने जैसी मांगें रखीं।

# सांखोल की सौम्या ने स्टेट गेम्स में जीते दो मेडल

**प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 मीटर में रजत और एक हजार मीटर में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया**

## जनवरी में होने वाले नेशनल गेम्स के लिए भी किया क्वालीफाई





बहादुरगढ़। परिजनों, कोच व साथी खिलाड़ियों के साथ पदक विजेता सौम्या तथा झज्जर में विजेता खिलाड़ी मेडल दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में गांव सांखोल की बेटी सौम्या अहलावत छाई रही। सौम्या ने स्केटिंग में दो मेडल जीतकर इलाके का मान बढ़ाया। जीतकर लौटने पर खेल प्रेमियों द्वारा सौम्या का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस जीत के साथ ही सौम्या ने जनवरी में होने वाले नेशनल गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

दरअसल, सातवें राज्य स्तरीय स्कूल खेलों के तहत रोहतक के बोहर स्थित स्कॉलर रोजरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 9 से 10 नवंबर तक स्केटिंग प्रतियोगिता हुई। फाउंडेशन स्केटिंग एकेडमी में अभ्यास करने वाली सांखोल की सौम्या ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 मीटर में रजत और एक हजार मीटर में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। परिजनों, कोच व साथी खिलाड़ियों ने सौम्या की जीत पर खुशी जताई। एकेडमी में उसका जोरदार अभिनंदन किया गया। पिता रवि कुमार ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की जीत पर गर्व है। कोच कैलाश ने कहा कि साढ़े दस वर्षीय सौम्या अभी पांचवीं कक्षा में ही पढ़ती है। दो साल के अभ्यास में उसके प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। उसका अगला लक्ष्य जनवरी में होने वाले नेशनल गेम्स में गोल्ड जीतना है।

### इंटर कॉलेज मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जिले के चार खिलाड़ियों ने पदक जीते

झज्जर। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में 9 से 11 नवंबर तक आयोजित इंटर कॉलेज मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के चार खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि उनके खिलाड़ी युवराज नागल ने 55 किलोग्राम भारवर्ग तथा आकाश गुलिया ने जहां 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया वहीं होनहार मुक्केबाज गितिज्ञ सुहाग ने 75 किलोग्राम भार वर्ग तथा सचिन दलाल ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। हितेश देशवाल ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि सभी खिलाड़ी स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हैं।

### एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मास्टर चांद सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

झज्जर। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांद सिंह अहलावत ने सिल्वर मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 22 देशों के 3312 मास्टर एथलीटों ने भाग लिया। हरियाणा दल में 85 वर्ष आयु वर्ग के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो स्पर्धा में भाग लिया। दुर्भाग्यवश पत्थर की सीढ़ियों से पांव फिसलने के कारण उनके बायें पैर का घुटना चोटिल हो गया। इसके बावजूद उन्होंने अपना हौसला कायम रखा और गोला फेंक प्रतियोगिता में 8.17 मीटर गोला फेंकते हुए सिल्वर मेडल जीता। बता दें कि मूल रूप से जिले के गांव डीघल निवासी मास्टर चांदसिंह सिंह अहलावत जहां अब करीब 800 मेडल जीत चुके हैं वहीं करीब चार हजार खिलाड़ियों को भी तैयार कर चुके हैं।



झज्जर। बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांद सिंह अहलावत। फोटो : हरिभूमि




बहादुरगढ़। नूना माजरा स्कूल में विद्यार्थियों को समझाती भावी अध्यापिका।

# राजकीय स्कूलों में बताया शिक्षा का महत्व

- इंसान के भीतर छिपी ताकतों को जगाना शिक्षा का असली उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की बीएड द्वितीय वर्ष की भावी अध्यापिकाओं ने इंटर्नशिप के दौरान राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनके अनुसार शिक्षा का असली उद्देश्य इंसान के भीतर छिपी हुई ताकतों को जगाना है। भावी अध्यापिकाओं ने शिक्षित भारत, सशक्त भारत, हर बच्चे का अधिकार–शिक्षा का उपहार जैसे नारों के माध्यम से शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की नींव है। प्रत्येक भावी अध्यापिका का कर्तव्य है कि वह समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाए।

# वीवीएम परीक्षा में एचडी स्कूल के 188 विद्यार्थी उत्तीर्ण

- एचडी स्कूल साल्हावास के 198 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में एचडी स्कूल साल्हावास के 198 विद्यार्थियों में से 188 ने परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए द्वितीय चरण में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय के ओलंपियाड प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि उनके संस्थान के उत्तीर्ण विद्यार्थियों में छठी कक्षा के 33, सातवीं कक्षा के 28, आठवीं नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के 34-34 तथा दसवीं कक्षा से 25 विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष 6वीं से 11वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए वीवीएम परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव हेमंत गुलिया व विशाल नेहरा तथा प्राचार्य सतबीर सिंह ने सभी क्वालिफाई विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कैंप से लौटी स्नेहा का किया स्वागत



बहादुरगढ़। बादली कॉलेज में स्नेहा का स्वागत करते प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय बादली में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा स्नेहा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में हिस्सा लिया। उन्होंने 4 से 10 नवंबर तक हुए कैंप की सभी गतिविधियों में उन्होंने पूरे जोश से हिस्सा लिया। कॉलेज में लौटने पर प्राचार्य आनंद काद्यान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू गलिया और संदीप ने छात्रा स्नेहा को बधाई दी। स्नेहा ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के साथ अपने 7 दिवसीय अनुभव सांझा किए।

# युवा महोत्सव में किया बहादुरगढ़ का नाम रोशन

- अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सिजल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व कॉलेज स्टॉफ।

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्रतिभाशाली छात्राओं ने हाल ही में आयोजित विभिन्न युवा महोत्सव प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज को गौरवांवित किया। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर कॉलेज स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। गर्ल्स कॉलेज की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सिजल ने पलवल में आयोजित जोनल युवा महोत्सव में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। झज्जर के नेहरू कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट साहित्यिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्राचार्या अल्का गुलाटी ने विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ और अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



बहादुरगढ़। क्षतिग्रस्त गली को दिखाते शंकर गार्डन निवासी। फोटो : हरिभूमि

# शंकर गार्डन की टूटी गली बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

लाइनपार के शंकर गार्डन की गली नंबर-3 की हालत पिछले काफी समय से खराब है। जिस कारण स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से गली का निर्माण करवाने की मांग की। स्थानीय निवासी बलबीर सेठी और राजू ने बताया कि गली में रविवार साप्ताहिक बाजार लगता है। क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से कई बार बुजुर्ग और बच्चे चोटिल हो चुके हैं। अवगत करवाने के बावजूद पार्षद व चेयरपर्सन इसके निर्माण में रूचि नहीं ले रहे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण दलाल ने प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेते हुए गली बनवाने की मांग की। क्योंकि जनता को सुविधाएं देना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। अन्यथा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इस दौरान सौरव, ललित पाराशर, योगेंद्र सेठी, राजकुमार, हनी, बॉबी, राजकुमार, भोलू, बबलू, करण, निखिल व बाबू आदि ने भी गली बनवाने की मांग की।

# स्वयं पर विश्वास करने से मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। डॉ. किरण छिल्लर का स्वागत करती स्कूल पदाधिकारी।

मिसेज इंडिया 2019 रह चुकी डॉ. किरण छिल्लर गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप से जुड़ी फिट इंडिया एंबेसडर डॉ. किरण ने बताया कि हर बच्चा यदि खुद पर विश्वास रखे, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न क्रिएटिव मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। डॉ. किरण छिल्लर ने कहा कि आपकी सोच ही आपका भविष्य बनाती है। बड़े सपने देखें, मेहनत करें और हमेशा स्वयं पर विश्वास रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे हर क्षेत्र में अपनी कल्पनाशक्ति और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें और अपने विचारों को सृजन में बदलें। उनके अनुसार फिटनेस, शिक्षा और समाजसेवा का संगम ही सशक्त भारत की नींव है।

### कालेज में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

सांपला। राजकीय सरछोटू राम कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्रियाशील और अक्रियाशील विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण जल चक्कर ,अक्षय ऊर्जा सौर ऊर्जा भारी तकनीक रोबोटिक स्वचालित यातायात नियंत्रण ,कृत्रिम वर्षा, सोलर सेल , न्यूक्लियर पावर प्लांट,जैसे विषयों पर मॉडल दिखाए गए। छात्राओं ने अपने मॉडलों के जरिए दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान भी सुझाए।

# कूड़ा जलाकर फैलाया जा रहा प्रदूषण

- सांस संबंधी बीमारियां फैलने का अंदेशा, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

शहर के कई क्षेत्रों में सरेआम कूड़े के ढेरों में आग लगाई जा रही है। यह कार्य किसी एक जगह का नहीं बल्कि कॉलोनियों, बाजारों और सड़कों के किनारे आम हो गया है। खुले में कूड़ा जलाने से उठने वाला धुआं पूरे वातावरण को प्रदूषित कर रहा है, जिससे सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। जहां एक ओर प्रशासनिक स्तर पर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ग्रेप थ्री की पाबंदियां लगाई है, वहीं दूसरी ओर इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी और कुछ आमजन रोजाना कूड़े में आग लगाकर उसे खत्म करने की कोशिश करते हैं, जिससे घंटों तक धुआं फैलता रहता है। लोगों का कहना है कि आग लगने से उठने वाले धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी होती है। वहीं इस तरह की घटनाएं शहर की वायु गुणवत्ता को बेहद खराब कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कूड़ा जलाने से सिर्फ हवा ही नहीं मिट्टी और पानी भी प्रदूषित होता है। जिससे सांस संबंधी बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।



झज्जर। शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में कूड़े के ढेर में लगाई आग से उठता हुआ धुआं। फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना जरूरी



रेणुका नांदल एसडीएम बेरी

बेरी। एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हमें पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है। इस पृथ्वी पर पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण की शुद्धता में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण आज विश्व की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता बेहद आवश्यक है।

**शिक्षा जगत से जुड़ी एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई**

# आर्यसमाजी शिक्षाविद की आंखों से दो नेत्रहीन देखेंगे दुनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शिक्षा जगत से जुड़ी एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। गांव आसौदा सिवान निवासी आर्यसमाजी सेवानिवृत्त लेक्चरर के निधन के बाद परिजनों ने उनके नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। मंगलवार को गांव आसौदा वैदिक विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि गांव आसौदा निवासी मास्टर जिले सिंह का निधन 9 नवंबर को गया था। उनके पुत्र आर्य हरिओम दलाल जिला झज्जर वेद प्रचार मंडल समिति के जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई के विदेश से लौटने के बाद उनके पिता की अंत्येष्टि वैदिक रीति रिवाजों के अनुसार मंगलवार को गांव आसौदा के शमशान घाट में हुई। उन्होंने अपने जीवन की अंतिम और महान इच्छा नेत्रदान को पूर्ण करते हुए अपने देहांत के बाद भी दूसरों के जीवन में प्रकाश छोड़ दिया।



बहादुरगढ़। मास्टर जिले सिंह के नेत्रदान संकल्प को पूरा करवाते आर्य हरिओम दलाल। फोटो : हरिभूमि

### अंत्येष्टि के दौरान लोवा कलां कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने मंत्रोच्चारण किए

नेत्र विज्ञानी ओमवीर राठी ने बताया कि मास्टर जिले सिंह के निधन की सूचना मिलते ही नेत्र बैंक की टीम अस्पताल पहुंची और निर्धारित प्रक्रिया के तहत दोनों नेत्र सुरक्षित रख लिए हैं। इनसे अब दो नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलने की उम्मीद है। अंत्येष्टि के दौरान लोवा कलां कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने मंत्रोच्चारण किए। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए राजपाल आर्य, कैप्टन मान सिंह दलाल, सतीश छिकारा, जयपाल दहिया, वजीर राठी, सतवीर सिंह, आर्य राजेश राठी, सोमबीर राठी, कन्या गुरुकुल की प्राचार्या बहन राजन मान आदि ने बताया कि दिवंगत हमेशा समाज सेवा और मानव कल्याण के लिए तत्पर रहते थे। उनके इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए परिवार ने नेत्रदान का निर्णय लिया। सभी ने परिजनों के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करते हैं।